की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे व्यक्तियों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने का विचार रखती है ?

(ख) क्या यह भी सच है कि बैंकों द्वारा सिंचाई के नये कुओं के लिये जो राशि स्वीकृत की जाती है वह पर्याप्त नहीं होती है ; और

(ग) यदि हां, तो ऋण की राशि को बढ़ाने के लिये सरकार क्या उपाय कर कर रही है ?

कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी) : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) राज्य सरकार स्तर पर, लघु सिंचाई में निवेश के लिए इकाई लागत के सुधार की व्यवस्था है । राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक अपने सहयोगी बैंकों के लिए पुनः वित्त व्यवस्था करता है । राज्य स्तरीय समीक्षा समिति को, जिसमें राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक एक प्रतिनिधि होता है, समय-समय पर इकाई लागत में सुधार करना होता है ताकि अनुमोदिन की तारीख से कार्यान्वयन की तारीख तक निवेश लागत में बढ़ोत्तरी की व्यवस्था हो सके ।

पुलिस कर्मियों के विरुद्ध शिकायतें

3048. श्री सुनील कुमार पट्टनायक : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1985-86 के दौरान उनके मंत्रालय या दिल्ली के पुलिस आयुक्त, उपायुक्त, सतर्कता और उपायुक्त, दरियागंज, नई दिल्ली को दिल्ली पुलिस के कमला मार्किट थाने के स्पेशल स्टाफ के उपनिरीक्षकों के विरुद्ध अपने पद का दुरुपयोग करने की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा उन पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है ;

(ख) यदि हां, तो कार्यवाही न करने के क्या कारण हैं तथा उन उपनीरीक्षकों के नाम क्या हैं जिनके विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ग) यदि उपयुक्त भाग (क) का उत्तर हां हो तो क्या शिकायतों के आधार पर भविष्य में कार्यवाही किये जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ; और

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) (क) जी नहीं श्रीमान ।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Employment to the Educated youth

3049. SHRI KALPNATH RAI; Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the selection Commissions appointed to select clerical staff to Government bodies and quasi-Governmental bodies are receiving applications: n lakhs;

(b) if so, what is the percentage roughtly of out of them is being absorbed in Government bodies; and

(c) what steps are being taken to provide employment to the vast number of aducated youth?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRI BIREN SINGH ENGTI): (a) Yes, Sir.

(b) Available information on percen tage absorption relating to Clerk's Grade Examination of 1984 and 1985 conducted by the Staff Selection Commission, is given below: —

1984	.....	1. 43 per cent
1985	.....	0. 806 per cent

(c) The steps being taken to provide employment to the educated unemployed are highlighted in the Seventh Five Year Plan document, copies of which have al ready been laid On the Table of the House.